उदासीनता | कटंगी रोड शनि मंदिर के पास हालात अराजक, जिम्मेदार नगर परिषद् मौन

# खतरे में राहगीर, खुला नाला दे रहा हादसों को आमंत्रण



**नवभारत, मझौली।** मझौली नगर के कंटंगी रोड स्थित शनि मंदिर के पास स्थित खुला नाला अब स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए काल का ग्रास बनता जा रहा है। लंबे समय से इस नाले को ढकने की मांग की जा रही है, लेकिन नगर परिषद की कुंभकर्णी नींद टूटने का नाम नहीं ले रही है। हाल ही में यहाँ एक सब्जी व्यापारी बाल-बाल बच गया, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि जब ग्राम पंचायत लुहारी से हाट-बाजार की ओर जा रहे एक सब्जी व्यापारी की मोटरसाइकिल नाले के पास अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। गनीमत रही कि व्यापारी नाले के भीतर नहीं गिरा और समय रहते खुद को संभाल लिया, वरना कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि खुले नाले और खराब सड़क के कारण यहाँ आए दिन छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं।

### नगर परिषद पर उठते सवाल

हाट-बाजार के लिए आने-जाने वाले सैकड़ों ग्रामीणों के लिए यह मुख्य मार्ग है। इसके बावजूद नाले को खुला छोड़ना नगर परिषद की घोर लापरवाही को दर्शाता है। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नाले को ढका नहीं गया और सड़क की मरम्मत नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। क्षेत्र की जनता ने जिला प्रशासन और नगर परिषद के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस 'डेथ ट्रैप' (मौत के जाल) को तुरंत बंद किया जाए ताकि भविष्य में किसी निर्दोष की जान न जाए।

### इनका कहना है

'हम टैक्स भरते हैं लेकिन सुरक्षा के नाम पर हमें खुले नाले मिलते हैं। रात के अंधेरे में यहाँ से गुजरना मौत को गले लगाने जैसा है। क्या नगर परिषद किसी बड़ी मौत का इंतज़ार कर रही है?'

**राजेश कुमार, स्थानीय निवासी।**

'हाट-बाजार के दिन यहाँ भारी भीड़ रहती है। सब्जी के ठेले और बाइक वालों के लिए यह जगह बहुत संकरी हो जाती है। खुला नाला होने की वजह से हमेशा डर लगा रहता है कि कहीं कोई बच्चा या मवेशी इसमें न गिर जाए।

**मुन्ना लाल, सब्जी व्यापारी**

शिकायतें तो बहुत कीं, लेकिन सुनवाई शून्य है। शनि मंदिर के पास श्रद्धावश लोग आते हैं, लेकिन प्रशासन की लापरवाही ने इस धार्मिक स्थल के मार्ग को भी असुरक्षित बना दिया है।

**विमला देवी, राहगीर**




# भारतीय संस्कृति और परंपरा का दिखा अद्भुत मेल

### मातृशक्ति ने निकाली बाइक रैली

**सिहोरा।** मातृशक्ति द्वारा श्रीराम नवमी के एक दिन पहले आयोजित वाइक रैली में नारी शक्ति, भारतीय संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। बाबाशाला कटरा मोहल्ला से भगवान भोलेनाथ माता पार्वती और पवन पुत्र हनुमान की पूजा के बाद प्रारम्भ हुई रैली में महिलाओं ने भगवा पगड़ी और भारतीय परिधान धारण किया था।

भगवा ध्वज और जय श्रीराम के गगन भेदी नारों को गुंजायमान करते हुए रैली कटरा मोहल्ला,झंडा बाजार,कालभैरव चौक, सरावगी मोहल्ला,महावीर चौक,मैना कुंआ,बाबाताल से खितौला तिराहा, खितौला बाजार,बारीबहू स्टेडियम से होकर निकली जिसका समापन बाबाताल में प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

**मातृशक्ति पर रामभक्तों ने की पुष्प वर्षा-** बाइक रैली में सिहोरा के झंडा बाजार, काल भैरव चौक, सरावगी मोहल्ला सहित खितौला में अनेक स्थानों पर रामभक्तों ने एकत्र होकर मातृशक्ति पर पुष्प वर्षा कर जय श्रीराम के नारे लगाये। इसी तरह अनेक स्थानों पर बालिकाओं ने प्रभु श्रीराम के भजनों पर नृत्य भी किया। रैली में महिलाओं युवतियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



# मूर्तियों के साथ निकली कलश यात्रा

**सिहोरा।** प्रज्ञा बिहार कालोनी में नवनिर्मित श्री हरिहर धाम मंदिर में माता दुर्गा, श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, शिवजी एंव हनुमान जी की भव्य मूर्तियों के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बैंड बाजों के साथ दर्जनों महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सर पर कलश लेकर चल रही थीं उनके पीछे दो वाहनों में प्रतिमाएं एंव युवा धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे।

कलशयात्रा में अनेक भक्त गण शामिल हुए। आज गुरुवार को मंदिर में विधिवत प्रतिमाओं की स्थापना होगी। कार्यक्रम आयोजक प्रभात कुररिया ने बताया श्रीराम नवमीं पर 27 मार्च दिन शुक्रवार को हवन पूजन कन्या भोजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें सभी से पहुंचने की अपील की गई है । कलश यात्रा बाबाताल शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर खितौला तिराहा से होकर प्रज्ञा बिहार कालोनी में पहुंच कर यात्रा का समापन हुआ।

# सिर्फ कागजों में बांटे कनेक्शन, जमीनी हकीकत शून्य!

5 कृषि बिजली कनेक्शन योजना में बड़ा घोटाला, गरीब किसानों से 2500 रुपए तक वसूली के आरोप, आरटीआई में मांगी जानकारी, जिम्मेदार अफसरों की चुप्पी पर सवाल

**सिहोरा, नवभारत।** किसानों को राहत देने के लिए शुरू की गई 5 रुपए में स्थाई कृषि विद्युत कनेक्शन योजना अब बड़े घोटाले के शक के घेरे में है। जमीनी स्तर पर इस योजना का लाभ न मिलने और उल्टा किसानों से भारी वसूली किए जाने के आरोप सामने आए हैं।

मामले में आरटीआई के जरिए जब जानकारी मांगी गई, तो विभाग ने चुप्पी साध ली, जिससे पूरे मामले में गड़बड़ी की आशंका और गहरी हो गई है।




### क्या है पूरा मामला?

सरकार और बिजली कंपनी द्वारा यह प्रचारित किया गया कि किसानों को 2500 रुपए के बजाय मात्र 5 रुपए में कृषि कनेक्शन दिया जाएगा। लेकिन कई किसानों को योजना की जानकारी ही नहीं दी गई। आवेदन करने पर 2500 रुपए या उससे अधिक राशि मांगी गई तो वहीं कई किसानों को 'लाइन विस्तार' का बहाना बनाकर टाल दिया गया। मामले को उजागर करने के लिए स्थानीय आवेदक शिवम साहू (वार्ड 10, मझौली) द्वारा सूचना का अधिकार के तहत जानकारी मांगी गई, जिसमें योजना के आदेश और सर्कुलर, वास्तविक लाभार्थियों की सूची ,5 रुपए में दिए गए कनेक्शनों का पूरा रिकॉर्ड और अधिक राशि वसूली के मामलों का विवरण शामिल था।लेकिन निर्धारित समयसीमा के बाद भी कोई जानकारी नहीं दी गई जिससे साफ है कि विभाग कुछ छुपाने की कोशिश कर रहा है।

### प्रथम अपील की गई दायर

सूत्रों और स्थानीय किसानों के अनुसार 5 रुपए योजना सिर्फ कागजों तक सीमित है वास्तविक लाभ चुनिंदा लोगों तक पहुंचाया गया आम किसानों से आज भी 2500 तक वसूली की जा रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि आरटीआई लगाने वाला आवेदक बीपीएल कार्ड धारक है, जिसे कानून के अनुसार नि:शुल्क सूचना मिलनी चाहिए फिर भी विभाग द्वारा जानकारी रोकी गई। मामले में अब प्रथम अपील दायर कर दी गई है, जिसमें 15 दिन में जानकारी देने दोषी अधिकारी पर 25,000 रुपए जुर्माना और पूरे मामले की विजिलेंस जांच की मांग की गई है।

### योजना सिर्फ नेताओं के भाषण तक ही सीमित

किसानों का कहना है कि अगर 5 रुपए में कनेक्शन मिल रहा है, तो हमसे हजारों रुपये क्यों लिए जा रहे हैं? 'योजना सिर्फ नेताओं के भाषण में है, जमीन पर नहीं'। 5 रुपए में कृषि कनेक्शन योजना अब सवालों के घेरे में है। यह मामला सिर्फ एक आरटीआई नहीं, बल्कि किसानों के अधिकारों और सिस्टम की पारदर्शिता की बड़ी परीक्षा बन चुका है। अब देखना यह है कि क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी या फिर यह घोटाला भी फाइलों में दब जाएगा।



# विमल जैन वैश्य समाज के जिला ग्रामीण अध्यक्ष बने

**नवभारत, कटंगी।** पनागर के वरिष्ठ समाजसेवी विमल जैन को जबलपुर जिला के ग्रामीण क्षेत्र का वैश्य समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनको इस नियुक्ति पर स्वप्निल अग्रवाल ,अमिताभ साहू,जयंत जैन, दिनेश जैन, रिंकू सिंघई ?, विनय जैन ,विक्की नेताजी, ठाकुर नेक नारायण सिंह , मकसूद खान , अभय कुमार जैन, संदीप बजाज ,मनोज तिवारी, मनीष चौरसिया, ललित सोनी,महेंद्र नेमा,वीरेंद्र नेमा आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

# महाकाली मंदिर में बह रही भक्ति की बयार



**सुकरी, नवभारत।** बुधवार को महाकाली माता मंदिर सुकरी मे चैत्र नवरात्रि सप्तमी पर्व की महाआरती पदमावती पेट्रोल पंप सुकरी के संचालक विशंभर सिंह, अशोक सिंह, साधना सिंह एंव संजय पटेल, मानक पटेल, राजेन्द्र पटेल, विनोद पटेल, गुडन पटेल, के द्वारा की गई और महाप्रसाद माता को समर्पित किया गया ।इस मौके पर ग्राम के पुरोहित पंडित शरद कांत दुबे जी द्वारा पूजा अर्चना की गई। महाआरती के पश्चात उपस्थित माता के भक्तों द्वारा खैरापति माता मंदिर में भव्य जस भरी भक्तों का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के गायक गैंदलाल डेहरिया ,कैलाश डेहरिया ,प्रकाश पटेल, संतोष पटेल, नीतेश जायसवाल, कल्लू जायसवाल, अमित ठाकुर, सूर्य बहादुर सिंह, जगदीश पटेल, काशीराम पटेल ,भूपत पटेल, गोविद पटेल सतीश,पटेल, कमलेश सोनी,अशोक डेहरिया,एंव श्रध्दालु भक्तगण भारी संख्या मे उपस्थित रहे। महाआरती मे ग्राम के लगभग 1800 श्रध्दालुओ ने उपस्थित होकर मातारानी का आशीर्वाद एंव महाप्रसाद प्राप्त किया । अब अष्टमी पर्व की महाआरती अनुराग पटेल , शिवानी पटेल ग्राम सारसडोल लखनादौन के द्वारा की जाएगी और महाप्रसाद माता के चरणों समर्पित किया जायेगा

# नगर में पार्टी का संगठन बनेगा मजबूत

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष जबलपुर ग्रामीण ने प्रदान किए नियुक्ति पत्र




**सिहोरा।** कांग्रेस पार्टी के जबलपुर ग्रामीण जिला संगठन में आने वाले सिहोरा नगर संगठन में आने वाले समय में पार्टी का मजबूत संगठन बनेगा यह बात पार्टी जिलाध्यक्ष जबलपुर ग्रामीण मुख्य अतिथि संजय यादव ने सिहोरा नगर के सभी 18 वार्डों में नगर अध्यक्ष पवन सोनी द्वारा नियुक्त किए गए वार्ड अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते समय कहीं। उन्होंने कहा सिहोरा नगर में पार्टी संगठन को मजबूत करने का पूरा श्रेय नवनियुक्त नगर अध्यक्ष पवन सोनी को जाता है जिन्होंने अपनी नियुक्ति के एक सप्ताह में नगर के सभी वार्डों में वार्डवासियों की बैठक कर सबकी आपसी सहमति से वार्ड अध्यक्ष की नियुक्ति का महत्वपूर्ण काम पूरा कर दिखाया कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी पटेल के कार्यालय में नगर अध्यक्ष पवन सोनी के संयोजन में कार्यक्रम हुआ। पूर्व विधायक नित्य निरंजन खंपरिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पार्षद राजेश चौबे वरिष्ठ सुबोध पांडे सुरेंद्र मिश्रा प्रकाश कुररिया के के कुररिया अमोल चौरसिया गोसलपुर ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर राज्यसभा सदस्य प्रतिनिधि बाबा कुरैशी जबलपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष मंजू मिश्रा डॉक्टर आरके यादव प्रभात कुररिया मनीष शुक्ला पार्षद अरशद खान कल्पना आलोक पांडे ममता गोटिया माधुरी गणेश भैया रमेश पटेल पूर्व पार्षद राजेश पटेल एम मंसूर शंकर वंशकार उपस्थित थे। इस अवसर पर नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष रंजीत चौधरी मुकेश पाटकर दिवाकर दुबे लल्लू लाल यादव मो. इसरार (मोनू भाई) बृजमोहन कुररिया, रामलोचन कोल राजेश पटेल, सोनू त्रिपाठी श्रेयांस यादव निक्की मिश्रा को मुख्य अतिथि संजय यादव ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया नवनियुक्त वार्ड अध्यक्षों ने पूरी निष्ठा के साथ पार्टी को जीतने का संकल्प लिया कार्यक्रम में वीरेंद्र पटेल कौशल फैज आलम शाह शेख साबिर दिलीप जैन दहिया लाल बहादुर पाठक रमा चौरसिया सियोल मिश्रा डब्बू पाठक साकेत पीड़िहा शामिल थे।

# खाद वितरण, पोर्टल के अपडेट की दी गई जानकारी


### पाटन जनपद पंचायत में दिया गया प्रशिक्षण



**पाटन,जबलपुर।** ई-विकास वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान'' के पोर्टल एवं कृषकों के पंजीयन के लिए पाटन जनपद पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ. इंदिरा त्रिपाठी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पाटन पंकज श्रीवास्तव की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर अवधेश हल्दकार एवं अदिति सिंह ने पी पी टी के माध्यम से सचिव,जी आर एस , पटवारी, सहकारिता के समिति प्रबंधक को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान ई-कृषि वितरण प्रणाली (खाद वितरण), 1 अप्रैल 2026 पोर्टल में अपडेट होने वाली जानकारी दी गई एवं उनके प्रश्नों के समाधान किए गए।

**कुछ इस तरह रहेगी अपडेट-** कृषि एवं उद्यानिकी फसलें के लिए खाद के विकल्प अब दोनों उपलब्ध रहेंगे । अगर किसान की जमीन दो जिलों में है तो दोनों जिलों के खसरों के लिए टोकन जनरेट कर सकते हैं। एनपी के (मिश्रित खाद) का मानक अनुसारवितरण होगा। सीजन के हिसाब से खाद वितरण न होकर अब एक साल में जितनी फसल किसान लेगा उतनी बार टोकन जनरेट किया जा सकता है। होम डिलेवरी प्रणाली सोसायटी / डबल लॉक केंद्र द्वारा लागू किया जायेगा। मृत किसान (भूमि नामांतरण लंबित) के भी टोकन उनके स्थान पर अधिकृत व्यक्ति द्वारा संबंधित का मृत्यु प्रमाण पत्र अपलोड करके एस डी एम द्वारा एप्रूवल के बाद जनरेट किया जा सकता है ।शारीरिक रूप से अक्षम / वृद्ध किसानो के लिए भी अधिकृत व्यक्ति को एस डी एम् के द्वारा अप्रूवल के बाद टोकन जनरेट किया जा सकता है। संयुक्त खाताधारक किसान / सिकमी किसानो के लिए भी टोकन जनरेट किया जा सकता है।

# शांतिनिकेतन विद्यालय का शानदार प्रदर्शन

### 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा में रहा शत-प्रतिशत परिणाम

**पनागर/नवभारत।** नगर के प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम स्कूल, शांतिनिकेतन विद्यालय ने इस वर्ष की कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अपनी सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100%) रहा, जहाँ दोनों कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर संस्था का मान बढ़ाया है।

कक्षा 5वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 15 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें काव्या नामदेव ने 89% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, भव्या रहेजा 87% अंकों के साथ द्वितीय और अथर्व सोनी व तृषा मंगलानी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार, कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षा में 18 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसमें वेद तिवारी ने 91% अंक अर्जित कर स्कूल में टॉप किया, जबकि कौशिक सेन 86% अंकों के साथ दूसरे और प्रखर पटेल 85% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। छात्रों की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया है। मैनेजमेंट द्वारा सभी सफल छात्र-छात्राओं और उनके मार्गदर्शक शिक्षक स्टाफ को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी गई है।

मारामारी | सुमन एचपी गैस एजेंसी से खाली हाथ लौट रहे लोग

# मझौली में गैस संकट गहराया, हालात बेकाबू



**मझौली, नवभारत।** मझौली नगर में एलपीजी गैस की किल्लत अब गंभीर संकट का रूप लेती जा रही है। मझौली स्थित सुमन एचपी गैस एजेंसी में इन दिनों भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है, जहां उपभोक्ताओं को घंटों लंबी कतारों में खड़े रहने के बावजूद गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। सुबह से ही एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ लग जाती है, लेकिन सप्लाई कम होने के कारण अधिकांश लोग निराश होकर वापस लौट रहे हैं। खासकर महिलाएं और बुजुर्ग इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

उपभोक्ताओं का कहना है कि एक समय सरकार द्वारा मुफ्त गैस सिलेंडर दिए जाते थे, लेकिन आज हालात ऐसे हो गए हैं कि जरूरतमंदों को समय पर गैस भी उपलब्ध नहीं हो पा रही।

### लग रही लंबी कतारें

एजेंसी के बाहर लगी लंबी कतारें और खाली सिलेंडर यह साफ संकेत दे रहे हैं कि आम आदमी की परेशानी को अभी भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। लोगों का कहना है कि यह पूरी तरह से प्रबंधन और सप्लाई व्यवस्था की कमी को दर्शाता है।

### उपभोक्ताओं में बढ़ता जा रहा आक्रोश

लगातार बढ़ती परेशानी के चलते उपभोक्ताओं में आक्रोश भी बढ़ रहा है। कई लोगों ने आरोप लगाया कि गैस वितरण में पारदर्शिता की कमी है और समय पर सूचना भी नहीं दी जाती, जिससे उन्हें बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ते हैं। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों और प्रशासन से मांग की है कि गैस सप्लाई को नियमित और सुचारू बनाया जाए। साथ ही वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित करने की जरूरत बताई है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। जरूरी सेवाओं में इस तरह की अव्यवस्था न केवल आम लोगों की दिनचर्या को प्रभावित करती है, बल्कि शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करती है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या का समाधान कितनी जल्दी कर पाते हैं।

### इनका कहना है

हम सुबह 6 बजे से लाइन में लगे हैं, लेकिन दोपहर तक भी नंबर नहीं आया। हर बार यही स्थिति रहती है।

**रामलाल पटेल, स्थानीय निवासी।**

घर में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। छोटे-छोटे बच्चों के साथ इतनी देर लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, फिर भी गैस नहीं मिलती।

**सीमा देवी, गृहिणी।**

काम छोड़कर लाइन में लगना पड़ता है, लेकिन सिलेंडर नहीं मिलता। इससे रोज़गार भी प्रभावित हो रहा है।

**शिवकुमार, दिहाड़ी मजदूर।**

अगर सप्लाई कम है तो कम से कम हम लोगों को सही जानकारी तो दी जाए। बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं।

**रुखसाना बी, उपभोक्ता ।**



# नवनियुक्त पदाधिकारियों को बांटे नियुक्ति पत्र

**पनागर,नवभारत।** पनागर के सोनिया पैलेस बारात घर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव ने पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, संगठन सचिव ऋषि पटेल, प्रभारी राजकुमार पटेल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में पांच उपाध्यक्ष, सात महामंत्री, नौ सचिव, एक मीडिया प्रभारी के साथ ही महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं का स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत राहुल गांधी एवं मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पूरे मध्यप्रदेश में संगठन को सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार किया जा रहा है और सभी वर्गों को समान अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य जून माह तक पूरा कर लिया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित-**कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल, भीम विजय यादव, रंजीत यादव, तुलसीराम कुशवाहा, रामदास पटेल, बाबू खान, राजू महोबिया, विजय राय, सुनील प्रजापति, नगर अध्यक्ष पनागर आकाश प्रजापति, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शंभू नामदेव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।